न्यायालय जनपद न्यायाधीश, सिद्धार्थनगर।

उपस्थितः– अजय कुमार श्रीवास्तव–III (उच्चतर न्यायिक सेवा)

PSD010005532025

Arbitration Execution/10/2025

मे०श्रीराम फाइनेंस लि०(मे०श्रीराम सिटी युनियन फाइनेंस लि०) ---डिक्रीदार,

बनाम

उमाशंकर ---- निर्णीत ऋणी।

दिनाँक 14.03.2026

आदेश

आज यह पत्रावली राष्ट्रीय लोक अदालत के समक्ष प्रस्तुत की गई। पुकार लगाई गयी। डिक्रीदार मेसर्स श्रीराम फाइनेन्स लि० के विद्वान अधिवक्ता श्री अंगद प्रसाद उपस्थित हैं। निर्णीत ऋणी के विद्वान अधिवक्ता भी उपस्थित है।

डिक्रीदार मेसर्स श्रीराम फाइनेन्स लि० की ओर से विद्वान अधिवक्ता श्री अंगद प्रसाद प्रार्थनापत्र 12 ग 2 इस आशय का प्रस्तुत किया गया कि पक्षकारान के मध्य पिछली तारीख पर मुबलिग 12,000 (बारह हजार) रूपये में सुलह–समझौते की बात तय हुई थी। निर्णीत ऋणी ने दिनांक 10.03.2026 को न्यायालय के समक्ष डिक्रीदार उक्त धनराशि अदा कर दिया है। ऐसी दशा में इजरा वाद को आगे चलाये जाने का कोई औचित्य नहीं रह जाता है। न्यायहित में पत्रावली लोक अदालत में लगाकर डिक्रीदार फाइनेन्स कं० के पूर्ण संतुष्टि में इजरा वाद को निस्तारित/निर्णीत करने की कृपा करें।

चूंकि पक्षों के मध्य समझौता हो गया है और डिक्रीदार फाइनेन्स कं० प्रस्तुत इजरा वाद को आगे नहीं चलाना चाहता है। अतः प्रस्तुत इजरा वाद डिक्रीदार की पूर्ण संतुष्टि में निस्तारित किये जाने योग्य है।

प्रार्थनापत्र कागज संख्या–12 ग 2 स्वीकृत। मामले के तथ्यों एवं परिस्थितियों में न्यायसंगत पाते हुये प्रस्तुत आर्बिटेशन इजरा वाद संख्या–10/2025 मेसर्स श्रीराम फाइनेन्स लि० बनाम उमाशंकर डिक्रीदार की पूर्ण संतुष्टि को दृष्टिगत रखते हुऐ तदनुसार निस्तारित किया जाता है।

पत्रावली नियमानुसार अभिलेखगार में दाखिल दफ्तर की जाय।

(अजय कुमार श्रीवास्तव–III)
जनपद न्यायाधीश,
सिद्धार्थनगर।
J.O.ID.No. UP 2021

AJAY KUMAR SRIVASTAVA

Digitally signed by AJAY KUMAR SRIVASTAVA
Date: 2026.03.14 17:17:35 +05'30'